# कार्यालय जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

## सामान्य सभा की बैठक दिनांक 17.01.2018

## बैठक कार्यवाही विवरण

दिनांक 17.01.2018 को पूर्वान्ह 11.30 बजे से जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक श्रीमती सुभद्रा सलाम, माननीय अध्यक्ष, जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गयी । बैठक में निम्नलिखित पदाधिकारी / अधिकारीगण उपस्थित रहे :-

**पदाधिकारीगण :-**

1 श्रीमती सुभद्रा सलाम, माननीय अध्यक्ष, जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर।
2 श्रीमती कृष्णा देवी सिन्हा, माननीय उपाध्यक्ष, जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर।
3 श्रीमती धीरज नेताम, माननीय सदस्य, जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर।
4 श्री हीरा मरकाम, माननीय सदस्य, जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर।
5 श्री बिरेश ठाकुर, माननीय सदस्य, जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर।
6 श्री हेमेन्द्र बंटी ठाकुर, माननीय सदस्य, जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर।
7 श्री सुप्रकाश मल्लिक, माननीय सदस्य, जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर।
8 सुश्री शांता नुरूटी, माननीय माननीय सदस्य, जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर।
9 श्रीमती ललेश्वरी मोहन टॉडिया, माननीय सदस्य, जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर ।
10 श्रीमती अमिता जीवन उइके, माननीय सदस्य, जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर ।
11 श्रीमती मिथलेश शोरी, माननीय सदस्य, जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर ।

**अधिकारीगण :-**

1. सुश्री, ऋचा प्रकाश चौधरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, उत्तर बस्तर कांकेर।
2 श्री डी.के. कुर्रे, अति.मु.का.अ., जिला पंचायत / उप संचालक, पंचायत, उत्तर बस्तर कांकेर।
3 श्री टी.एल. सहारे, कार्यपालन अभियंता सीएसपीडीसीएल, उत्तर बस्तर कांकेर।
4 श्री जेवियर टोप्पो प्रबंधक, उद्योग, उत्तर बस्तर कांकेर।
5 श्री आई.पी. गेन्द्रे अनुविभागीय अधिकारी, वन भानुप्रतापपुर पश्चिम, अंतागढ़ उ.ब. कांकेर।
6 श्री बी.एल. पटेल, अनुविभागीय अधिकारी, वन उ.ब. कांकेर।
7 श्री महेन्द्र नाथ पाढी, सहायक खाद्य अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर।
8 श्री चिरंजीव सरकार, उप संचालक कृषि विभाग, उत्तर बस्तर कांकेर।
9 श्री टी.आर. साहू, जिला शिक्षा अधिकारी, उ.ब. कांकेर।
10 के.पी. ध्रुव, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, उत्तर बस्तर कांकेर।
11 श्री एच.आर. राणा, डीपीओ, उत्तर बस्तर कांकेर।
12 श्री आनंद गुप्ता, डी.एम.सी आरजीएसएम, उत्तर बस्तर कांकेर।
13 श्री ए.के. साय पैंकरा, जिला योजना सांख्यिकी अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर।
14 श्री एस.के. साहू, सहायक संचालक, मछलीपालन, उत्तर बस्तर कांकेर।
15 श्री के.पी. श्रीवास, सहायक संचालक, ग्रामोद्योग, उत्तर बस्तर कांकेर।
16 श्री विक्रम कौसले, सहायक अभियंता, सीएसपीडीसीएल, भानुप्रतापपुर।
17 श्री विजय कोड़ोपी, डीएमओ मार्कफेड, उ.ब.कांकेर।
18 डॉ. एस.आर. चन्द्राकर, व्ही.ए.एस. पशु चिकित्सा उ.ब.कांकेर।
19 श्री जी.के. तारम सहायक अभियंता, लो.नि.वि. (भ/स), उत्तर बस्तर कांकेर।



Scanned by CamScanner

20 श्री डी.आर.कोर्राम, अनुविभागीय अधिकारी लो.नि.वि. (भ/स) पखांजूर।
21 श्री एम.एस. कश्यम, अनुविभागीय अधिकारी लो.नि.वि. (भ/स) भानुप्रतापपुर।
22 श्री आर.के. दुर्गे, उप अभियंता, सेतु निगम, उत्तर बस्तर कांकेर।
23 श्री ए.के. वर्मा, सहायक अभियंता, लो.स्वा.यां. कांकेर।
24 श्री सी.एम. पाल, सहायक अभियंता, लो.स्वा.यां. कांकेर।
25 श्री जी.एच. त्रिनाथा रेड्डी, डी.एम. नॉन, उत्तर बस्तर कांकेर।
26 श्री महेन्द्र नाथ पाढ़ी, सहायक खाद्य अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर।
27 डॉ. बी.एल. रात्रे खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उ.ब. कांकेर।
28 कु. निर्मला ध्रुव, कनिष्ठ अभियंता, केडा उ.ब. कांकेर।
29 श्री आशुतोष शर्मा, सहायक अभियंता, पीएमजीएसवाय, भानुप्रतापपुर।
30 श्री व्ही.के. वर्मा, स.ग्रे.3 समाज कल्याण उ.ब. कांकेर।
31 श्री एच.एल. साहू, फिल्ड आफिसर, रेशम विभाग उ.ब. कांकेर।
32 श्री बी.आर. ध्रुव एस.एच.डी.ओ. उद्यानिकी विभाग उ.ब. कांकेर।
33 श्री किशोर कुमार ईलिका, प्रभारी जिला प्रबंधक, उ.ब. कांकेर।
34 श्री कवाची, डी.एम. ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उत्तर बस्तर कांकेर।
35 श्रीमती रितू कोसरिया, एपीओ, जिला पंचायत उ.ब. कांकेर।
36 श्री मन्नूराम जैन, एपीओ, जिला पंचायत उ.ब.कांकेर।

सर्वप्रथम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं अधिकारियों के स्वागत उद्‌बोधन के पश्चात् माननीय अध्यक्ष जिला पंचायत, श्रीमती सुभद्रा सलाम की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गयी। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी/उप संचालक पंचायत द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों एवं अधिकारियों को बैठक संबंधी एजेण्डा बिन्दु से अवगत कराया गया।

**एजेण्डा कमांक 1**

पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय विषयक विभागवार की गयी अद्यतन कार्यवाही से अवगत कराया गया। माननीय अध्यक्ष महोदया द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं एवं वाहन की समुचित व्यवस्था के निराकरण की वर्तमान स्थिति के संबंध में उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सदन को अवगत कराया गया। अन्य विभागों द्वारा भी कमवार पालन प्रतिवेदन की वास्तविक स्थिति से अवगत कराने के पश्चात् बैठक की कार्यवाई आगे बढ़ाई गयी।

बिना किसी पूर्व सूचना के बैठक में अनुपस्थिति अधिकारियों पर माननीय सदस्यों द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

**एजेण्डा कमांक 2**

अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा दिनांक 12 जनवरी से प्रारंभ लोक सुराज अभियान के प्रथम चरण अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के संबंध में सदन को अवगत कराया गया कि, ग्रामीण क्षेत्रों में मांग के 72729 आवेदन, शिकायत के 2350 आवेदन, कुल 75079 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्र में मांग के 5170 शिकायत के 482 आवेदनों सहित 5652 आवेदन प्राप्त हुए हैं। नगरीय एवं शहरी क्षेत्र सहित कुल 80731 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

द्वितीय चरण अंतर्गत 15 जनवरी से 11 मार्च 2018 तक प्राप्त आवेदनों के निराकरण अंतर्गत जिला/ जनपद पंचायत के अधिकारियों द्वारा ऑन लाईन व भौतिक रूप से भेजा जा रहा है।



Scanned by CamScanner

प्राप्त आवेदनों का निराकरण 2 माह में करने के उपरांत, तृतीय चरण में दिनांक 12 मार्च से 31 मार्च 2018 के मध्य लगभग 10 पंचायतों के मध्यम 01 समाधान शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें संबंधित आवेदकों को निराकरण की जानकारी दी जायेगी। अभी बैठक तिथी में प्राप्त आवेदनों को ऑनलाईन किये जाने की प्रकिया जारी है। बैठक तिथि तक आज की स्थिति में कुल 73679 आवेदनों की एन्ट्री का कार्य पूर्ण हो चुका है।

इस प्रकार जिले में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के मांग एवं शिकायत सहित कुल 80731 आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही की जानी है। ऑनलाईन एन्ट्री एवं निराकरण की कार्यवाही जारी है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को नियत समय सीमा 02 माह के भीतर निराकृत करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही जिला पंचायत)**

**एजेण्डा कमांक 3**

सहायक परियोजना अधिकारी महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की वार्षिक कार्ययोजना 2018–19 के अनुमोदन विषयक सदन को अवगत कराया गया। लेबर बजट में 11693 कार्यों के लिए मांग अनुसार रू.14023.15 लाख की तकनीकी स्वीकृति प्रदान की जायेगी। जिसमें मजदूरी पर होने वाले व्यय रू.8480.31 लाख, एवं कार्य अंतर्गत सामग्री पर होने वाला व्यय रू.5542.84 लाख रूपये का है।

लेबर बजट में प्रस्तावित कार्यों में मुख्यतः भूमि समतलीकरण, कुऑ, वृक्षारोपण, तालाब, सिंचाई नहरें, वर्मी/नाडेप कांपोस्ट पिट्स, सड़क किनारे वृक्षारोपण संबंधी कार्य हैं।

आगामी वित्तीय वर्ष हेतु कुल 14023.15 लाख के लेबर बजट में 4930414 मानव दिवस सृजित किये जायेंगे।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा खेल मैदान के समतलीकरण हेतु चर्चा की गयी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा अन्य मद से convergence (कन्वर्जेंस) के तहत् कार्य कराये जाने की जानकारी दी गयी। माननीय सदस्यगण द्वारा इस पर प्राथमिकता प्रदान किये जाने हेतु सहमति प्रदान की गयी।

माननीय जिला पंचायत पदाधिकारियों द्वारा सर्व सम्मति से महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना लेबर बजट वर्ष 1918–19 का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाही मु.का.अ.जिपं. –मनरेगा)**

**एजेण्डा कमांक 4**

अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा हमर गांव हमर योजना जीपीडीपी वार्षिक कार्ययोजना 2018–19 जिला योजना समिति के समक्ष रखे जाने हेतु माननीय जिला पंचायत पदाधिकारियों के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदन विषयक प्रस्तुत किया गया। जिसमें जिले की 427 ग्राम पंचायतों के योजनावार 42855 कार्यों के लिए रू. 76392.46 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जायेगी। इन कार्यों में मुख्य रूप से पंचायत द्वारा स्वयं के स्त्रोत, 14वें वित्त आयोग, मूलभूत, मनरेगा एवं अन्य प्राथमिकता वाली योजनाओं के कार्य लिये जायेंगे।



Scanned by CamScanner

माननीय सदस्य श्री बिरेश ठाकुर द्वारा मूलभूत की 70 प्रतिशत राशि से मोबाईल टॉवर लगाये जाने विषयक चर्चा की गयी। अवगत कराया गया कि मोबाईल एवं इंटरनेट मूलभूत समस्या एवं आवश्यकता के निराकरण अंतर्गत हैं, चूंकि उक्त संबंध में प्राप्त निर्देश शासन स्तर के हैं, अतः इस पर जिला स्तर से कार्यवाही संभव नहीं है।

माननीय जिला पंचायत पदाधिकारियों द्वारा सर्व सम्मति से हमर गांव हमर योजना जीपीडीपी वार्षिक कार्ययोजना 2018–19 का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाही मु.का.अ.जि.पं.)**

**एजेण्डा कमांक 5**

लोक निर्माण विभाग (भ/स) के उपस्थित सहायक अभियंता द्वारा वर्ष 2017–18 के बजट में शामिल सड़क एवं पुल–पुलिया कार्यों की अद्यतन स्थिति के संबंध में सदन को अवगत कराया गया कि, आश्रम एवं छात्रावास तथा स्कूल पहुंच मार्ग के कार्य प्रमुखता से लिये गये है। इनक कार्यों में बालिका आई.टी.आई. छात्रावास कांकेर, माकड़ीखुना हाईस्कूल पोटगांव, कोटगांव नीचे, कापसी, मरकाटोला, जैसाकर्रा, किशनपुरी, मांदरी पहुंच मार्ग तथा हायर सेकेन्डरी स्कूल के छात्रावास भवन पंडरीपानी, हाराडुला, भोथा, दसपुर, पुसवाड़ा, एवं 50 बिस्तरीय सामान्य बालक छात्रावास कांकेर के पहुंच मार्ग के प्रगतिरत कार्य मार्च 2018 के अंत तक पूर्ण कर लिये जायेंगे।

इसके अलावा कांकेर जिले के गढ़िया पहाड़ तक पक्की सड़क 3 कि.मी. एवं कांकेर–अमोड़ा– नरहरपुर 10 कि.मी. मार्ग उन्नयन चौड़ीकरण कार्य भी मार्च अंत तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

लोक निर्माण विभाग (भ/स) भानुप्रतापपुर के अनुविभागीय अधिकारी द्वारा बजट में स्वीकृत सड़क कार्यों की जानकारी से सदन को अवगत कराया गया। उक्त कार्यों में राज्य मार्ग मरोड़ा बेलगाल, मुख्य जिला मार्ग कोरर तरांदूल एवं कच्चे दमकसा मार्ग सम्मिलित हैं, जिसमें कच्चे दमकसा कार्य पूर्ण तथा शेष प्रगति पर एवं पी.व्ही 32 से 29 मार्ग के कि.मी. 5 का चौड़ीकरण, माटोली पहुंच मार्ग, एवं पीव्ही 102 से पनावर मार्ग का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।

माननीय सदस्य श्री बिरेश ठाकुर द्वारा भैंसाकन्हार डू. मैनखेड़ा सड़क संबंधी चर्चा की गयी। विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि यह जनपद द्वारा निर्मित सड़क है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा इसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्य में शामिल किये जाने हेतु प्रस्ताव भेजने के लिए निर्देशित किया गया।

राष्ट्रीय राजमार्ग के उपस्थित अभियंता द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 43 कांकेर बायपास लम्बाई 10.55 कि.मी. का कार्य प्रारंभ हो जाने एव केशकाल बायपास 11.38 कि.मी. के कार्य प्रगति विषयक जानकारी से सदन को अवगत कराया गया। इस मार्ग में 2 पुल, 8 लघु पुल एवं 66 पुलिया होने एवं 1 टॉल प्लाजा एवं 10 नग बस–वे एवं एक ट्रक ले बाई का निर्माण किया जायेगा। ये कार्य वर्ष 2018 तक पूर्ण कर लिये जायेंगे। प्रगतिरत कार्यों की मानिटरिंग लगातार जारी है। कांकेर बायपास मार्ग के मई–जून तक पूर्ण होने एवं वर्षा ऋतु के दृष्टिगत दी गयी जानकारी पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जिलाध्यक्ष महोदय के समक्ष वास्तविक स्थिति रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया।

माननीय सदस्य श्री बिरेश ठाकुर द्वारा शाहवाड़ा पुल निर्माण में प्रभावित किसानों को उनकी जमीन का मुआवजा प्राप्त नहीं होने ध्यानाकर्षित किया गया। अवगत कराया गया कि मुआवजा निर्धारण की प्रकिया जारी है दो महिने के भीतर प्रभावित किसानों को मुआवजा प्रदान कर दिया जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा उक्त प्रकरण में धारा 11 एवं विभागीय एसआई रिपोर्ट तैयार करने एवं इसे प्राथमिकता दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

Scanned by CamScanner

माननीय सदस्यगण से चर्चाअनुसार कांकेर अमोड़ा नकटी नाला, कोदापाखा मेड़ो नदी कार्य, दलदली पुल, अंतागढ़–कलगांव पुल पूर्ण होने के संबंध में अवगत कराया गया।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि ऐसे पुल चिन्हांकित करें जहाँ पुल तो बन गया है मगर रोड का कार्य बाकी है ताकि वहाँ आवागमन जारी हो सके।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के सहायक अभियंता द्वारा जिले में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति से सदन को अवगत कराया गया कि, विभागीय कार्य अंतर्गत जिले में स्वीकृत 357 सड़क कार्य में से 264 कार्य पूर्ण हैं, 78 कार्य प्रगतिरत एवं 4 कार्य बाधित हैं। बाधित होने का कारण पहाड़ी क्षेत्र होना प्रमुख है। 10 कार्य जो अप्रारंभ है उनके निविदा का कार्य प्रक्रियाधीन है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा लोक निर्माण विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंताओं से पैच वर्क की जानकारी ली गयी। चाउरगांव, करकापाल, तहकाल, गोडरी बेड़मा के कार्यों पर चर्चा की गयी । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा पेचवर्क कार्यों की सूची माननीय सदस्यों को उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

माननीय अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा बेलोण्डी में निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन होने एवं इसके सुधार एवं बण्डापाल के प्रगतिरित कार्य के निरीक्षण हेतु निर्देशित किया गया।

माननीय सदस्य श्री सुप्रकाश मलिक द्वारा श्यामनगर में सड़क मरम्मत एवं गोण्डाहूर, हांकेर मार्ग के संबंध में चर्चा की गयी। कार्यों के बजट संबंधी जानकारी से सदन को अवगत कराया गया। विचारोपरांत आकमेटा, सितरम के आगे 100 मीटर लकड़ी का पुल होने के संबंध में प्रस्ताव प्रेषित किये जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा निर्देशित किया गया।

माननीय सदस्य द्वारा अंतागढ़ कोयलीबेड़ा गोविंदपुर पीव्ही 83–84 का कार्य बंद होने ध्यानाकर्षित किया गया। विभागीय अधिकारी द्वारा बी2 कार्य प्रारंभ होने की जानकारी दी गयी।

माननीय सदस्य श्रीमती धीरज नेताम द्वारा पीढ़ापाल–मोदे मार्ग संबधी जानकारी ली गयी। अवगत कराया गया कि डब्ल्यूएमएम का कार्य हो गया है डामरीकरण फरवरी तक पूर्ण कर लिया जायेगा। जेपरा–टाहकापार मार्ग के संबंध में अवगत कराया गया कि यह कार्य डीएमएफ मद अंतर्गत ग्रा.यां.से. का है, वर्तमान में कार्य जारी है।

प्रगतितरत कार्यों के संबंध में सहायक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि तरांदूल मार्ग मार्च तक पूर्ण होगा। कच्चे दमकसा पूर्ण है तथा पी.व्ही. 102 का कार्य माह जनवरी तक पूर्ण कर लिया जायेगा। मुख्य कार्यालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा कोलर तोंगपाल, सरण्डी, आमाबेड़ा मार्ग की जानकारी ली गयी। सरण्डी ईरपानार मार्ग के संबंध में निर्देशित किया गया कि उक्त कार्य में आ रही बाधा के संबंध में पुलिस अधीक्षक एवं जिलाध्यक्ष महोदय से चर्चा कर कार्यवाही की जावे।

**(कार्यवाही का.पा.अभियंता लोनिव. /प्र.मं.ग्रा.स.यो./ रा.रा.मार्ग)**

**एजेण्डा कमांक 6**

जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष 2017 में लागू नयी योजनाओं की जानकारी से माननीय पदाधिकारियों को अवगत कराया गया कि प्रधान मंत्री मातृ वंदन योजना में गर्भवती महिलाओं को 5 हजार रूपये की राशि प्रदान की जाती है। यह राशि तीन किश्तों में प्रदान की जाती है। जिले में 285 महिलाओं का चिन्हांकन किया गया है। योजनानुसार पहले महिने 1 हजार, 7वें महिने में दूसरी किश्त 2 हजार एवं मातृत्व उपरांत 2 हजार की राशि

Scanned by CamScanner

प्रदान की जाती है। इस प्रकार पहली बार गर्भवती हुयी माताओं को रूपये 5000/– उनके खाते में दिये जाते हैं।

कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वजन त्योहार अंतर्गत गिनती का कार्य चल रहा है। लगभग 89 प्रतिशत बच्चों का पंजीयन कर लिया गया है।

जिले में कुपोषण के स्तर में काफी गिरावट आयी है। अंतागढ़ में 15, भानुप्रतापपुर में 15, चारामा में –11, दुर्गूकोंदल में 13.6, कांकेर में 11 पखांजूर में 11.5, कोयलीबेड़ा में 20 नरहरपुर में 14 प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी है। जिले में पहले 35 के आसपास कुपोषण का प्रतिशत था जो अब कम होकर 13.95 पर आ गया है जिसे शीघ्र ही निरंक कर दिया जायेगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा तुमसनार में निलंबित कर्मचारी के विषय में जानकारी ली गयी यह भी निर्देशित किया गया कि विभागीय अधिकारी निरंतर फिल्ड में जायें एवं फॉलोअप से अवगत करायें।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा विभाग में हो रही कार्यवाई एवं कृत गतिविधि के संबंध में सभापति महिला एवं बाल विकास को आयोजित बैठक में अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि महतारी जतन योजना में महिलाओं को रेडी टू ईट प्रदाय किया जा रहा है। कुल पंजीकृत 6900 गर्भवती महिलाओं में से 6443 को रेडीटू ईट एवं 5954 महिलाओं को गर्म भोजन से लाभान्वित किया जा रहा है।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा रेडी टू ईट के सप्लाई पैकेट की गुणवत्ता चेक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा डीपीओ को यह भी निर्देशित किया गया कि रूटीन में 5–6 अलग–अलग स्थानों का सेंपल और सप्लाई पैकेट का परीक्षण करें।

कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अमृत योजना एवं कन्या सन्तति योजना के संबंध में माननीय सदस्यों में अवगत कराया गया । योजनांतर्गत 1257 खाते खोले जाने की जानकारी दी गयी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा कोयलीबेड़ा में खाता निरंक होने के संबंध में जानकारी लिए जाने पर अवगत कराया गया कि पोस्ट आफिस द्वारा डाटा गुमा दिये जाने की जानकारी दी गयी। निर्देशित किया गया कि जहॉ बैंक सुविधा हैं वहॉ बैंक में खाते खोलें एवं अंतागढ़, उसेली, कोयलीबेड़ा, चारामा पलेवा का दौरा किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। नोनी सुरक्षा अंतर्गत 201 बच्चों का बीमा होने की जानकारी दी कार्यक्रम अधिकारी गयी।

माननीय सदस्य श्री बिरेश ठाकुर द्वारा विभागीय किचनशेड के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी तथा अवगत कराया गया कि ग्राम चिल्हाटी के गोटापारा में किचनशेड नहीं है।

माननीय सदस्य श्रीमती मिथलेश शोरी द्वारा पलेवा नयापारा में आंगनबाड़ी नहीं होने अवगत कराया गया । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा उक्त संबंध में कार्यक्रम अधिकारी को इसके परीक्षण एवं नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही का.अ. महिला एवं बाल विकास)**

**एजेण्डा कमांक 7**

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कार्यालय के उपस्थित सहायक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2017–18 में 226 नलकूप खनन कार्य का लक्ष्य विभाग को प्राप्त है जिसमें से 125 नग खनन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 9 खनन असफल एवं 116 खनन सफल है जिनमें से 94 में हैंडपंप स्थापित किये गये हैं।



Scanned by CamScanner

अवगत कराया गया कि विभागीय नलजल प्रदाय की जिले में 122 योजनाएँ स्वीकृत थी, जिनमें से 79 पूर्ण एवं 32 आंशिक पूर्ण तथा 1 प्रगतिरत है, 10 कार्य अप्रारंभ हैं। स्वीकृत योजनाओं में 110 योजनाएँ चालू होने की जानकारी प्रदान की गयी।

माननीय सदस्य श्री बिरेश ठाकुर द्वारा भैंसाकन्हार, घोटिया के स्वीकृत कार्य के संबंध में जानकारी ली गयी। अवगत कराया गया कि उक्त स्थान पर कार्य का टेंडर हो चुका है। रिसेवाड़ा का कार्य भी प्रगतिरत है तथा दुधावा का भी स्त्रोत मिल चुका है।

माननीय सदस्य श्री ठाकुर द्वारा कोरर में रोड का काम में ग्राम पंचायत द्वारा दर्ज आपत्ति पर प्राक्कलन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय को दिया जाना है किन्तु लोनिवि से प्रस्ताव प्राप्त नहीं है। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 1–2 दिन में राशि प्रदान कर दी जायेगी।

माननीय सदस्य श्री हीरा मरकाम द्वारा जामगांव नयापारा में पाईप लाईन विस्तार हेतु प्रस्ताव रखा गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा इसके परीक्षण हेतु विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा गर्मी में पेयजल की तैयारी के संबंध में जानकारी ली गयी। अवगत कराया गया कि विशेष अभियान चलाकर लोक सुराज के बाद अंदरूनी क्षेत्रों में हेल्पर के द्वारा निरंतर चेकिंग एवं पंपों की रिपेयरिंग की जा रही है, जनपद पंचायत में शिकायत रजिस्टर एवं टॉल फ्री नंबर प्रदाय किये गये हैं।

**(कार्यवाही का.पा.अभियंता लो.स्वा.यां.)**

**एजेण्डा कमांक 8**

उप संचालक कृषि द्वारा अवगत कराया गया कि रबी फसल के संदर्भ में 95 प्रतिशत क्षेत्राच्छादन हुआ। वर्षा सही नहीं होने से धान की फसल अच्छी नहीं हुयी थी। जिलाध्यक्ष महोदय द्वारा प्राप्त निर्देशित अनुरूप आरबीसी 64 के प्रावधानों के तहत् कार्यवाही की गयी है जिसका प्रतिफल किसानों को फरवरी माह में प्राप्त होगा।

माह सितम्बर में जो बारिश हुयी थी उसी आधार पर 71340 हे. रबी का लक्ष्य रखा गया था। जिसके फलस्वरूप चना, गेहूं, मक्का में अच्छा प्रतिसाद मिला है। चूंकि शासन द्वारा गृष्म धान की फसल को प्रतिबंधित किया गया है, अतः रबी फसल की अच्छी संभावना है। स्वयं के साधन से किसान यदि गृष्म कालीन धान लेना चाहें तो अनुमति दी जायेगी।

माननीय सदस्य श्री हीरा मरकाम द्वारा ध्यानाकर्षण किया गया कि आन्दोलन आधारित मांग की पूर्ति न करते हुए, किसानों को उनके फसल क्षतिपूर्ति एवं फसल बीमा की राशि शीघ्र प्रदाय की जावे। अवगत कराया गया कि फसल क्षति का मुआवजा आ चुका है एवं फसल बीमा का मुआवजा शीघ्र मिलने वाला है, मिलने वाली राशि का निर्धारण अभी नहीं हुआ है। जिन क्षेत्रों में फसल अच्छी है वहॉ मुआवजा नहीं मिलेगा, जहॉ कमजोर फसल है वहॉ किसानों को इसका लाभ मिलेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा किसानों को मिलने वाली राशि के संबंध में कलेक्टर महोदय से चर्चा हेतु उप संचालक कृषि को निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही उप संचालक कृषि)**

Scanned by CamScanner

एजेण्डा कमांक 9

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा स्थाई समिति की आयोजित बैठक के संबंध में विभागवार ली गयी। अवगत कराया गया कि कृषि स्थाई समिति की पिछली बैठक नवंबर माह में आयोजित की गयी थी, माह दिसम्बर की बैठक होना शेष है। शिक्षा समिति की बैठक 22 जनवरी को आयोजित की जायेगी। उद्योग समिति की बैठक आयोजित हो चुकी है। महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक 29 को बैठक आयोजित कराये जाने एवं वन समिति की बैठक नियमित होने की जानकारी प्रदान की गयी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा समस्त स्थायी समिति के सचिवों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने विभाग से संबंधित स्थायी समिति की बैठकों का नियमित आयोजन करें।

**(कार्यवाही समस्त सचिव स्थायी समिति)**

**अन्य एजेण्डा**

मछलीपालन विभाग की समीक्षा में सहायक संचालक द्वारा सामान्य चर्चा के दौरान अवगत कराया गया कि लोक सुराज अभियान के दौरान नये तालाब एवं गहरीकरण के आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनपर निराकरण की कार्यवाही की जा रही है स्वीकृति उपरांत नियमानुसार सबसिडी प्रदान की जायेगी। माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया कि ग्राम सभा से अनुमोदित प्रस्ताव पर कार्यवाही में सुविधा प्राप्त होती अतः अनुमोदित प्रस्ताव ही प्रेषित कराये जावें।

माननीय उपाध्यक्ष श्रीमती कृष्णादेवी सिन्हा द्वारा डबरी से पानी रिसाव संबंधी चर्चा की गयीं। उप संचालक कृषि, द्वारा अवगत कराया गया कि काली मिट्टी, गोबर, चुना डालकर इस समस्या को दूर किया जा सकता है। पहले साल के बाद से दूसरे साल रिसाव की समस्या दूर हो जाती है।

कृषि संसाधनों में सोलर पंप की उपयोगिता के संबंध में चर्चा की गयी। क्रेडा के उपस्थित कनिष्ठ अभियंता द्वारा इस संबध में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया से माननीय सदस्यों को अवगत कराया गया। माननीय सदस्यगणों द्वारा निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में कई प्राईवेट कंपनियॉ भी काम कर रही है जिनके द्वारा किसानों को क्षति हो सकती है, अतः ऐसी कंपनियों से सावधान रहने हेतु निर्देशित किया गया।

माननीय सदस्य सुश्री शांता नुरूटी द्वारा लोक सुराज डयूटी हेतु स्टाफ वापस किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। माननीय सदस्य श्री बिरेश ठाकुर द्वारा कोकानपुर फिल्ड आफिसर को क्षेत्र में कार्य हेतु निर्देशित करने बाबत् ध्यानाकर्षण किया गया। उप संचालक कृषि द्वारा शीघ्र कार्यवाही हेतु आश्वस्त किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले में चल रहे शिक्षा गुणवत्ता के संबंध में माननीय जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित अधिकारियों को जानकारी दी गयी कि शिक्षा गुणवत्ता का निरीक्षण प्रारंभ हो चुका है। प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर यदि कोई कमी पायी जाती है तो सभी के सहयोग से इसका सुधार अपेक्षित है। पिछले कुछ वर्षों से कक्षा पॉचवी, आठवीं की बोर्ड परीक्षायें बंद कर दी गयी है। उक्त कक्षा की परीक्षा हेतु आठवीं स्तर पर अधीक्षक अथवा अन्य विद्यालय के शिक्षक एवं पॉचवी स्तर पर प्रधान अध्यापक या उसी विद्यालय के शिक्षकों को प्रावधानित किया गया है जिसकी



Scanned by CamScanner

तैयारी कर ली गयी है तैयारी की पूर्णता के अवलोकनार्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी के समक्ष शीघ्र ही रखा जायेगा।

10वीं एवं 12 की परीक्षायें भी 5 मार्च से प्रारंभ होंगी, जिला प्रशासन के सहयोग से इसी तैयारी की गयी है, कार्य योजना अनुरूप तैयारी पूर्ण की जा रही है।

पहल मूल्यांकन एवं उपचारात्मक शिक्षा द्वारा कमजोर बच्चों को चिन्हांकित कर शिक्षा दी जा कर उनके स्तर में सुधार किया जा रहा है। जिसका असर निश्चय ही परीक्षा परिणाम में दिखायी देगा। मेरिट की तैयारी हेतु बच्चों का मूल्यांकन कर उन्हें मूल्यांकन आधारित अंक कैसे दिये जाते हैं इसकी जानकारी भी प्रदान की जा रही है ऐसे बच्चों की कमियों का परीक्षण कर उन्हें कोचिंग प्रदान की जा रही है।

माननीय सदस्य सुश्री शांता नुरूटी द्वारा चारगांव मिडिल स्कूल में पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार करने, भृत्य की नियुक्ति एवं हेंड पंप हेतु ध्यानाकर्षण किया गया। माननीय सदस्या द्वारा माचपल्ली पंचायत के पलियासुर ग्राम में स्कूल भवन अन्यत्र मकान में लगाये जाने हेतु चर्चा की गयी। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा उक्त समस्या के निराकरण हेतु आश्वस्त किया गया।

माननीय सदस्या द्वारा चारगांव में माइंस अंतर्गत क्षेत्रवासियों को आवश्यक सुविधा मुहैया नहीं कराने के संबंध में भी ध्यानाकर्षण किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा अनुविभागीय दण्डाधिकारी के द्वारा इसके निराकरण एवं ग्राम सभा के माध्यम से निराकरण हेतु निर्देशित किया गया।

वन विभाग कांकेर एवं भानुप्रतापपुर के उपस्थित अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि वृक्षारोपण के प्रस्ताव भेजे गये हैं। वर्तमान में कुप कटाई एवं लाख पौधों की तैयारी का कार्य चल रहा है, वन अधिकार पट्टे भी वितरित किये जायेंगे। माननीय उपाध्यक्ष महोदय द्वारा धनेलीकन्हार में प्राप्त वन अधिकार समस्या के निराकरण के संबंध में चर्चा की गयी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा धनेलीकन्हार में वन अधिकार पट्टा हेतु सरपंच से संपर्क कर इसके निराकरण हेतु निर्देशित किया गया।

माननीय सदस्य सुश्री शांता नुरूटी द्वारा कोयलीबेड़ा क्षेत्र में वन प्रबंधन समिति द्वारा निर्धारित प्रारूप अनुरूप भर्ती नहीं होने एवं अन्य समिति से लोगों को लिये जाने के संबंध में अवगत कराया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा अनुविभागीय अधिकारी वन को वन मंडलाधिकारी के माध्यम इसके निराकरण हेतु निर्देशित किया गया।

उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी द्वारा कर्मचारी कल्याण योजना अंतर्गत आमाबेड़ा एवं कोयलीबेड़ा में कराये जा रहे आवासीय निर्माण की जानकारी दी गयी। यह भी अवगत कराया गया कि इस साल बांस बाड़ी, टिशू कल्चर के जो पौधे प्राप्त हुये थे, उनकी गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर नये पौधों हेतु आदेशित किया गया है।

माननीय अध्यक्ष/उपाध्यक्ष महोदया द्वारा वितरित किये जाने वाले पौधों के लिए आवश्यक प्रचार–प्रसार एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वितरण सुनिश्चित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

Scanned by CamScanner

स्वास्थ्य विभाग के उपस्थित अधिकारी द्वारा मच्छरदानी वितरण की जानकारी प्रदान की गयी। अवगत कराया गया कि विकासखंड मुख्यालयों को भेज दी गयी है, वहाँ से शेड्यूल बनाकर वितरण की कार्यवाही ग्रामों में की जायेगी।

वितरण कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

अंत में उपस्थित पदाधिकारियों/अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

**(ऋचा प्रकाश चौधरी)**
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत
उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक/466/जि.पं./सा.सभा/2018 कांकेर, दिनांक 09.02.2018

प्रतिलिपि :–

सर्व संबंधित ..............................................................................................................
को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत,
उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)



Scanned by CamScanner